
28 JULY
Daily
Current
Affairs
UPSSSC I UP POLICE
SSC | RAILWAY | ALL STATE EXAMS
LIVE -08:00 AM

# What we are going to study

- Daily Current Affairs
- Related MCQS
- Related Static GK
- UP Special Current Affairs
- Home Work Question




किस्मत भी बादशाह
उसी को बनाती है
जो खुद कुछ करने का
हुनर रखते हैं।

# हेनले पासपोर्ट इंडेक्स 2026: भारत की रैंक 81वें स्थान पर

# Henley Passport Index 2026: India ranked 81st.



- हेनले एंड पार्टनर्स ने जुलाई 2026 में हेनले पासपोर्ट इंडेक्स (HPI) 2026 का 20वीं वर्षगांठ संस्करण जारी किया।
- भारत की रैंकिंग 75वें (फरवरी 2026) से गिरकर 81वें स्थान पर पहुंच गई।
- जापान, दक्षिण कोरिया और संयुक्त अरब अमीरात (UAE) के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहे।
- स्वीडन तीसरे स्थान पर रहा।
- अफगानिस्तान सबसे निचले स्थान पर रहा।
- इसके बाद सीरिया (25), इराक (28), पाकिस्तान (29) और यमन (30) का स्थान रहा।

- Henley & Partners released the 20th-anniversary edition of the Henley Passport Index (HPI) in July 2026.
- India's ranking fell from 75th (February 2026) to 81st place.
- Japan, South Korea, and the United Arab Emirates (UAE) jointly held the second position.
- Sweden ranked third.
- Afghanistan held the lowest position.
- It was followed by Syria (25), Iraq (28), Pakistan (29), and Yemen (30).

जुलाई 2026 में जारी हेनले पासपोर्ट इंडेक्स 2026 के अनुसार भारत की वैश्विक रैंक क्या रही है?

According to the Henley Passport Index 2026 released in July 2026, what was India's global rank?

A. 75वां / 75th

B. 78वां / 78th

C. 81वां / 81st

D. 85वां / 85th

C

# नेपाल ने ₹200 और ₹500 के भारतीय नोटों को दी मंजूरी

# Nepal approves Indian ₹200 and ₹500 notes.



- नेपाल राष्ट्र बैंक (Nepal Rastra Bank) ने भारत और नेपाल के नागरिकों को सीमा पार करते समय ₹200 और ₹500 के भारतीय करेंसी नोट साथ ले जाने की अनुमति दे दी है।
- यह अनुमति केवल 9 नवंबर 2016 या उसके बाद जारी नई श्रृंखला (New Series) के ₹200 और ₹500 के नोटों पर लागू होगी।
- 2016 की नोटबंदी के बाद नेपाल में ₹100 से अधिक मूल्यवर्ग के भारतीय नोटों (₹200, ₹500 और ₹2000) के उपयोग एवं सीमा पार ले जाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया था।

- Nepal Rastra Bank has allowed citizens of India and Nepal to carry Indian currency notes of ₹200 and ₹500 while crossing the border.
- This permission will be applicable only to ₹200 and ₹500 notes of the New Series issued on or after 9 November 2016.
- Following the 2016 demonetisation, the use and cross-border movement of Indian currency notes of denominations above ₹100 (₹200, ₹500 and ₹2000) were banned in Nepal.

हाल ही में नेपाल राष्ट्र बैंक ने भारत और नेपाल के नागरिकों को सीमा पार करते समय भारतीय मुद्रा के किन मूल्यवर्ग के नोट साथ ले जाने की अनुमति दी है?

Recently, Nepal Rastra Bank has allowed citizens of India and Nepal to carry which denominations of Indian currency notes while crossing the border?

A. ₹100 और ₹200 / ₹100 and ₹200
B. ₹200 और ₹500 / ₹200 and ₹500
C. ₹500 और ₹1000 / ₹500 and ₹1000
D. ₹100 और ₹500 / ₹100 and ₹500

B

- भारतीय रुपये पर अंकित प्रमुख चिन्ह (नई महात्मा गांधी श्रृंखला)

- ₹10 : कोणार्क सूर्य मंदिर (ओडिशा)।
- ₹20 : एलोरा गुफाएँ (महाराष्ट्र)।
- ₹50 : हम्पी का रथ (कर्नाटक)।
- ₹100 : रानी की वाव (गुजरात)।
- ₹200 : साँची स्तूप (मध्य प्रदेश)।
- ₹500 : लाल किला (दिल्ली)।
- ₹2000 : मंगलयान। (वैध मुद्रा, परंतु प्रचलन से वापस ली गई)

- Key motifs featured on Indian Rupee notes (New Mahatma Gandhi Series)

- ₹10: Konark Sun Temple (Odisha).
- ₹20: Ellora Caves (Maharashtra).
- ₹50: Hampi Chariot (Karnataka).
- ₹100: Rani-ki-Vav (Gujarat).
- ₹200: Sanchi Stupa (Madhya Pradesh).
- ₹500: Red Fort (Delhi).
- ₹2000: Mangalyaan (Legal tender, but withdrawn from circulation).

नंदन नीलेकणि की अध्यक्षता में बनेगी परीक्षा सुधार टास्क फोर्स

An examination reform task force will be set up under the chairmanship of Nandan Nilekani.



- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (NTA) की परीक्षाओं को सुरक्षित, पारदर्शी और लीक-प्रूफ बनाने के लिए नंदन नीलेकणि की अध्यक्षता में हाई-पावर्ड टास्क फोर्स के गठन की घोषणा की।
- टास्क फोर्स का उद्देश्य पेपर लीक रोकना, अत्याधुनिक तकनीक एवं मजबूत सुरक्षा तंत्र लागू करना, छात्रों का विश्वास बढ़ाना तथा परीक्षा प्रबंधन, लॉजिस्टिक्स और संचालन व्यवस्था में सुधार करना है।

- Prime Minister Narendra Modi announced the formation of a high-powered task force under the chairmanship of Nandan Nilekani to make National Testing Agency (NTA) examinations secure, transparent and leak-proof.
- The objective of the task force is to stop paper leaks, implement state-of-the-art technology and strong security mechanisms, boost the confidence of students and improve examination management, logistics and administration.

- पूर्व शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बाद प्रल्हाद जोशी ने नए शिक्षा मंत्री के रूप में कार्यभार संभालते ही परीक्षा प्रणाली की उच्च स्तरीय समीक्षा की।

- **टास्क फोर्स के प्रमुख सदस्य**
- नंदन नीलेकणि – अध्यक्ष, इन्फोसिस के सह-संस्थापक एवं यूआईडीएआई (आधार) के पूर्व अध्यक्ष।
- एस. सोमनाथ – इसरो (ISRO) के पूर्व अध्यक्ष।
- तपन डेका – इंटेलिजेंस ब्यूरो (IB) के पूर्व निदेशक।

- After the resignation of former Education Minister Dharmendra Pradhan, Pralhad Joshi conducted a high-level review of the examination system as soon as he took charge as the new Education Minister.

- **Key members of the task force**
- Nandan Nilekani – Chairman, co-founder of Infosys and former Chairman of UIDAI (Aadhaar).
- S. Somnath – Former Chairman of ISRO.
- Tapan Deka – Former Director of Intelligence Bureau (IB).

- वी. कामाकोटी – आईआईटी मद्रास के निदेशक।
- अनीता करवाल – भारत सरकार की पूर्व शिक्षा सचिव।
- अमृत लाल मीणा – रसद (Logistics) मामलों के विशेषज्ञ।

- V. Kamakoti – Director of IIT Madras.
- Anita Karwal – Former Education Secretary of the Government of India.
- Amrit Lal Meena – Expert in logistics matters.

हाल ही में राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (NTA) की परीक्षाओं को सुरक्षित, पारदर्शी और लीक-प्रूफ बनाने के लिए गठित हाई-पावर्ड टास्क फोर्स के अध्यक्ष किसे बनाया गया है?

Who has been appointed as the Chairman of the High-Powered Task Force constituted to make NTA examinations secure, transparent, and leak-proof?

A. एस. सोमनाथ / S. Somanath
B. नंदन नीलेकणि / Nandan Nilekani
C. तपन डेका / Tapan Deka
D. धर्मेंद्र प्रधान / Dharmendra Pradhan

B

# मीराबाई चानू ने दिलाया भारत को पहला स्वर्ण

# Mirabai Chanu wins India's first gold.



- 23वें कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में मीराबाई चानू ने भारत का पहला स्वर्ण पदक जीता।
- उन्होंने महिलाओं की 48 किलोग्राम भारोत्तोलन स्पर्धा में स्वर्ण पदक अपने नाम किया।
- मीराबाई चानू ने कुल 190 किलोग्राम वजन उठाया।
- यह राष्ट्रमंडल खेलों में उनका लगातार तीसरा व्यक्तिगत स्वर्ण पदक है।

- Mirabai Chanu won India's first gold medal in the 23rd Commonwealth Games 2026.
- She won the gold medal in the women's 48 kg weightlifting event.
- Mirabai Chanu lifted a total weight of 190 kg.
- This is his third consecutive individual gold medal at the Commonwealth Games.

- 23वें कॉमनवेल्थ खेल 2026 – भारत के प्रमुख पदक (अब तक) |
- झांडू कुमार – कांस्य – पैरा पावरलिफ्टिंग (भारत का पहला पदक)।
- मीराबाई चानू – स्वर्ण – महिला 48 किग्रा भारोत्तोलन (भारत का पहला स्वर्ण, लगातार तीसरा CWG स्वर्ण)।
- रिशिकांता सिंह (चनाम्बम) – रजत – पुरुष 60 किग्रा भारोत्तोलन (स्नैच में कॉमनवेल्थ खेल रिकॉर्ड)।
- राजा मुथुपांडी – रजत – पुरुष 65 किग्रा भारोत्तोलन।

- 23rd Commonwealth Games 2026 – India's leading medals (so far)
- Jhandu Kumar – Bronze – Para Powerlifting (India's first medal).
- Mirabai Chanu – Gold – Women's 48 kg Weightlifting (India's first gold, third consecutive CWG gold).
- Rishikanta Singh (Chanambam) – Silver – Men's 60kg Weightlifting (Commonwealth Games Record in Snatch).
- Raja Muthupandi – Silver – Men's 65kg Weightlifting.

23वें कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में भारत के लिए पहला स्वर्ण पदक किस खिलाड़ी ने जीता?

Who won India's first gold medal at the 23rd Commonwealth Games 2026?

A. मीराबाई चानू / Mirabai Chanu
B. निकहत ज़रीन / Nikhat Zareen
C. मनु भाकर / Manu Bhaker
D. लवलीना बोरगोहेन / Lovlina Borgohain

A

| | |
|---|---|
| ➢ 23वें कॉमनवेल्थ खेल 2026 | ➢ 23rd Commonwealth Games 2026 |
| ➢ संस्करण: 23वें कॉमनवेल्थ खेल। | ➢ Edition: 23rd Commonwealth Games. |
| ➢ आयोजन: 23 जुलाई – 2 अगस्त 2026। | ➢ Event: 23 July – 2 August 2026. |
| ➢ मेज़बान शहर: ग्लासगो, स्कॉटलैंड। | ➢ Host city: Glasgow, Scotland. |
| ➢ उद्घाटन स्थल: OVO Hydro, ग्लासगो। | ➢ Opening venue: OVO Hydro, Glasgow. |
| ➢ उद्घाटन: किंग चार्ल्स III ने किया। | ➢ Inaugurated: King Charles III. |
| ➢ भाग लेने वाले देश/क्षेत्र: 74 | ➢ Participating countries/territories: 74 |
| ➢ खेलों की संख्या: 10 | ➢ Number of Games: 10 |
| ➢ कुल पदक स्पर्धाएँ: 215 | ➢ Total medal events: 215 |
| ➢ पैरा खेल: 6 खेलों में पूर्णतः एकीकृत (Integrated Para Sports)। | ➢ Para Sports: Fully integrated into 6 sports (Integrated Para Sports). |

- भारत के ध्वजवाहक: मीराबाई चानू और लवलीना बोरगोहैन।
- भारत का पहला स्वर्ण: मीराबाई चानू (महिला 48 किग्रा भारोत्तोलन)।
- 2030 कॉमनवेल्थ खेलों की मेज़बानी: अहमदाबाद (भारत)।

- Flag bearers of India: Mirabai Chanu and Lovlina Borgohain.
- India's first gold: Mirabai Chanu (Women's 48 kg weightlifting).
- Host of 2030 Commonwealth Games: Ahmedabad (India).

# अनाहत सिंह बनीं विश्व जूनियर स्क्वैश चैंपियन

# Anahat Singh becomes World Junior Squash Champion.



- भारत की 18 वर्षीय अनाहत सिंह ने कनाडा के नियाग्रा-ऑन-द-लेक में आयोजित वर्ल्ड जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप 2026 में लड़कियों का एकल खिताब जीतकर इतिहास रच दिया।
- फाइनल में उन्होंने मिस्र की रुकय्या सलेम को हराकर खिताब अपने नाम किया।
- अनाहत सिंह विश्व जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप का एकल खिताब जीतने वाली भारत की पहली खिलाड़ी बन गई हैं।

- India's 18-year-old Anahat Singh created history by winning the girls' singles title at the World Junior Squash Championship 2026 held in Niagara-on-the-Lake, Canada.
- In the final, she won the title by defeating Ruqayya Salem of Egypt.
- Anahat Singh has become the first player from India to win the singles title of the World Junior Squash Championship.

हाल ही में वर्ल्ड जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप 2026 के लड़कियों के एकल खिताब को जीतने वाली भारत की पहली खिलाड़ी कौन बनी हैं?

Who has recently become the first Indian to win the Girls' Singles title at the World Junior Squash Championship 2026?

A. जोशना चिनप्पा / Joshna Chinappa
B. दीपिका पल्लीकल / Dipika Pallikal
C. अनाहत सिंह / Anahat Singh
D. सुनयना कुरुविला / Sunayna Kuruvilla

C

# बांग्लादेश के राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने दिया इस्तीफा

# Bangladesh President Mohammed Shahabuddin has resigned.



- बांग्लादेश के राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया।
- उन्होंने अपना इस्तीफा संसद के स्पीकर हफीज उद्दीन अहमद को सौंपा।
- इस्तीफे का मुख्य कारण स्वास्थ्य संबंधी समस्याएँ बताया गया है।
- नए राष्ट्रपति के चुनाव तक संसद के स्पीकर हफीज उद्दीन अहमद कार्यवाहक राष्ट्रपति (Acting President) के रूप में कार्य करेंगे।
- बांग्लादेश के संविधान के अनुसार, 90 दिनों के भीतर नए राष्ट्रपति का चुनाव कराया जाएगा।

- Bangladesh's President Mohammed Shahabuddin has resigned from his post.
- He submitted his resignation to the Speaker of Parliament, Hafiz Uddin Ahmed.
- Health-related issues have been cited as the primary reason for the resignation.
- Parliament Speaker Hafiz Uddin Ahmed will serve as the Acting President until a new president is elected.
- In accordance with the Constitution of Bangladesh, the election for a new president will be held within 90 days.

हाल ही में किस देश के राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया?

Recently, President Mohammed Shahabuddin resigned from the post of President of which country?

A. श्रीलंका / Sri Lanka

B. बांग्लादेश / Bangladesh

C. मालदीव / Maldives

D. नेपाल / Nepal

B

| | |
|---|---|
| ➢ **बांग्लादेश** | ➢ **Bangladesh** |
| ➢ आधिकारिक नाम: पीपल्स रिपब्लिक ऑफ बांग्लादेश | ➢ Official name: People's Republic of Bangladesh |
| ➢ स्वतंत्रता: 26 मार्च 1971 | ➢ Independence: 26 March 1971 |
| ➢ प्रधानमंत्री: तारिक रहमान | ➢ Prime Minister: Tariq Rehman |
| ➢ प्रथम राष्ट्रपिता: शेख मुजीबुर रहमान (इन्हें 'बंगबंधु' के नाम से जाना जाता है)। | ➢ First Father of the Nation: Sheikh Mujibur Rahman (known as 'Bangabandhu'). |
| ➢ बांग्लादेश भारत के साथ 4,096.7 किलोमीटर लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमा साझा करता है, जो भारत की किसी भी पड़ोसी देश के साथ सबसे लंबी जमीनी सीमा है | ➢ Bangladesh shares a 4,096.7 km long international border with India, which is India's longest land border with any neighboring country. |
| ➢ भारत के 5 राज्य बांग्लादेश के साथ सीमा बनाते हैं — पश्चिम बंगाल (सबसे लंबी), असम, मेघालय, त्रिपुरा (तीन ओर से घिरा हुआ), और मिजोरम। | ➢ Five states of India share a border with Bangladesh — West Bengal (the longest), Assam, Meghalaya, Tripura (surrounded on three sides), and Mizoram. |



BANGLADESH
LOW / HILLS / MOUNTAINS
Nepal
India
Dinajpur
Rangpur
Brahmaputra River
Ganges River
Jamuna
Jamalpur
Sylhat
Mymensingh
India
Rajshahi
Meghna
Pabna
Brahmanbaria
Dhaka
Madhumati
Narayanganj
N
Bangladesh
Comilla
Tropic of Cancer
Jessore
Padma
Kaptai Lake
India
Khulna
Barisal
Chittagong
Mongla
Mouths of the Ganges
60 mi
60 km
Bay of Bengal
Cox's Bazar
Myanmar

# भारत–रोमानिया संबंधों को नई मजबूती, कई अहम समझौतों पर हस्ताक्षर

# India-Romania relations strengthened; several key agreements signed.



- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को रोमानिया की राजधानी बुखारेस्ट में बुखारेस्ट यूनिवर्सिटी ऑफ इकोनॉमिक स्टडीज द्वारा मानद डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया गया।
- यह उपाधि विश्वविद्यालय का सर्वोच्च शैक्षणिक सम्मान ('डॉक्टर होनोरिस कॉसा') है।
- भारत और रोमानिया के बीच विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।

- President Droupadi Murmu was conferred an honorary doctorate by the Bucharest University of Economic Studies in Bucharest, the capital of Romania.
- This degree is the university's highest academic honor ('Doctor Honoris Causa').
- An agreement on science and technology cooperation was signed between India and Romania.

- भारत और रोमानिया के बीच खेल सहयोग समझौते पर भी हस्ताक्षर किए गए।
- दोनों देशों ने वर्ष 2028 को "भारत–रोमानिया इनोवेशन वर्ष (India–Romania Innovation Year)" के रूप में मनाने का निर्णय लिया।

- An agreement on sports cooperation was also signed between India and Romania.
- Both nations decided to observe the year 2028 as the "India–Romania Innovation Year."

जुलाई 2026 में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को किस विश्वविद्यालय द्वारा मानद डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया गया?

Which university conferred an honorary doctorate upon President Droupadi Murmu in July 2026?

A. यूनिवर्सिटी ऑफ बुखारेस्ट / University of Bucharest

B. बुखारेस्ट यूनिवर्सिटी ऑफ इकोनॉमिक स्टडीज / Bucharest University of Economic Studies

C. बाबेश-बोल्याई विश्वविद्यालय / Babeș-Bolyai University

D. कैरल प्रथम राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय / Carol I National D University

B

- **रोमानिया**
- महाद्वीपः यूरोप (दक्षिण-पूर्वी यूरोप)
- राजधानी: बुखारेस्ट
- राष्ट्रपतिः नुकुशोर दान
- मुद्राः रोमानियाई ल्यू

- **Romania**
- Continent: Europe (South-Eastern Europe)
- Capital: Bucharest
- President: Nukushore Dan
- Currency: Romanian Lew


UKRAINE
HUNGARY
MOLDOVA
ROMANIA
SERBIA
BULGARIA
BLACK SEA
20°
22°
24°
26°
28°
30°
48°
46°
44°
0 50 100 mi
0 80 160 km
Chernivtsi
Debrecen
Chişinău
Belgrade
Ruse
Satu Mare
Baia Mare
Borşa
Câmpulung Moldovenesc
Dorohoi
Botoşani
Suceava
Oradea
Zalău
Dej
Bistriţa
Piatra-Neamţ
Iaşi
Salonta
Cluj-Napoca
Reghin
Bicaz
Roman
Vaslui
Gheorgheni
Turda
Târgu Mureş
Bacău
Arad
Aiud
Sighişoara
Oneşti
Bârlad
Alba Iulia
Mediaş
Sebeş
Sfântu Gheorghe
Tecuci
Deva
Făgăraş
Lugoj
Sibiu
Timişoara
Hunedoara
Braşov
Săcele
Focşani
Galaţi
Petroşani
Sinaia
Reşiţa
Câmpulung
Brăila
Tulcea
Sulina
Râmnicu Vâlcea
Târgu Jiu
Curtea de Argeş
Buzău
Făurei
Moldova Nouă
Ploieşti
Piteşti
Târgovişte
Ţăndărei
Drobeta-Turnu Severin
Bucharest
Slatina
Medgidia
Năvodari
Călăraşi
Videle
Craiova
Constanţa
Calafat
Alexandria
Giurgiu
Mangalia
© 2011 Encyclopædia Britannica, Inc.

27वाँ कारगिल विजय दिवस: राष्ट्र ने वीर शहीदों को किया नमन

27th Kargil Vijay Diwas: Nation pays tribute to brave martyrs.



- भारत में प्रत्येक वर्ष 26 जुलाई को 'कारगिल विजय दिवस' मनाया जाता है। वर्ष 2026 में देश ने 27वाँ कारगिल विजय दिवस मनाया। यह दिवस 1999 के कारगिल युद्ध में भारतीय सेना की ऐतिहासिक विजय और 527 वीर सैनिकों के सर्वोच्च बलिदान को समर्पित है।

- **कारगिल विजय दिवस क्यों मनाया जाता है?**
- 26 जुलाई 1999 को भारतीय सेना ने 'ऑपरेशन विजय' सफलतापूर्वक पूरा कर कारगिल की सभी रणनीतिक चोटियों को पाकिस्तानी घुसपैठियों से मुक्त कराया था।

- Kargil Victory Day is celebrated on 26th July every year in India. In the year 2026, the country celebrated the 27th Kargil Victory Day. The day is dedicated to the historic victory of the Indian Army in the 1999 Kargil war and the supreme sacrifice of 527 brave soldiers.

- **Why is Kargil Victory Day celebrated?**
- On July 26, 1999, the Indian Army successfully completed 'Operation Vijay' and cleared all the strategic peaks of Kargil from Pakistani infiltrators.

- यह दिवस कारगिल युद्ध के शहीदों के साहस, बलिदान और देशभक्ति को सम्मान देने के लिए मनाया जाता है।

- **कारगिल युद्ध क्या था?**
- कारगिल युद्ध भारत और पाकिस्तान के बीच मई–जुलाई 1999 में लड़ा गया था।
- युद्ध लद्दाख के कारगिल, द्रास, बटालिक, काकसर और मुश्कोह सेक्टर में हुआ।
- पाकिस्तानी सैनिकों और घुसपैठियों ने नियंत्रण रेखा (LoC) पार कर भारतीय चोटियों पर कब्जा कर लिया था।
- भारतीय सेना ने कठिन परिस्थितियों में इन चोटियों को पुनः अपने नियंत्रण में लिया।

- This day is observed to honor the courage, sacrifice and patriotism of the martyrs of the Kargil war.

- **What was the Kargil War?**
- The Kargil War was fought between India and Pakistan in May–July 1999.
- The fighting took place in Kargil, Dras, Batalik, Kaksar and Mushkoh sectors of Ladakh.
- Pakistani troops and infiltrators had crossed the Line of Control (LoC) and occupied the Indian peaks.
- The Indian Army regained control of these peaks under difficult conditions.

- भारत के प्रमुख सैन्य अभियान
- ऑपरेशन विजय – भारतीय थल सेना।
- ऑपरेशन सफेद सागर – भारतीय वायु सेना।
- ऑपरेशन तलवार – भारतीय नौसेना।

- Major Military Campaigns of India
- Operation Vijay – Indian Army.
- Operation White Sea – Indian Air Force.
- Operation Talwar – Indian Navy.

भारत में प्रत्येक वर्ष कारगिल विजय दिवस कब मनाया जाता है?

When is Kargil Vijay Diwas celebrated every year in India?

A. 23 जुलाई / 23 July
B. 24 जुलाई / 24 July
C. 25 जुलाई / 25 July
D. 26 जुलाई / 26 July

D

# HOME WORK

जुलाई 2026 में उत्तर प्रदेश में जलालाबाद नगर एवं तहसील का नया नाम क्या रखा गया है?

What has been the new name of Jalalabad city and tehsil in Uttar Pradesh in July 2026?

A. परशुरामपुरी / Parashurampuri
B. रामनगर / Ramnagar
C. ब्रह्मपुरी / Brahmpuri
D. शिवपुरी / Shivpuri

# THANKYOU